भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 26
20/07/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

तमिलनाडु के आसपास की भूमि का इरोजन हॉटस्पॉट

26. श्री पी. विल्सन:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु की भूमि को बचाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं क्योंकि बंगाल की खाड़ी तमिलनाडु के आसपास की भूमि के बड़े हिस्से को समाप्त करते जा रही है और 1,802 हेक्टेयर अंतर्देशीय भूमि स्थायी रूप से नष्ट हो गई है और सरकार ने इसकी पहचान 'इरोजन हॉटस्पॉट' के रूप में की है;

(ख) क्या चेन्नई से पुडुचेरी तक बकिंघम नहर और समुद्र के बीच की संकरी पट्टी, जो एक बड़ा मीठे पानी का जलभृत है, जिसमें लगभग 60-70 प्रतिशत वर्षा और कटाव होता है, समुद्री जल प्रवेश को सक्रिय करेगा जो इसकी कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा, यदि हां, तो उनकी संरक्षा करने के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(किरेन रिजिजू)

(क) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र ने वर्ष 1990 से 2018 तक के 28 वर्षों के उपग्रह से प्राप्त डेटा का उपयोग करके भारतीय तटरेखा के लिए एक राष्ट्रीय तटरेखा परिवर्तन मूल्यांकन किया है तथा 1:25000 के पैमाने पर तटीय कटाव का मानचित्रण किया है, जिसमें तमिलनाडु के तट के समानांतर कटाव वाले हॉटस्पॉट शामिल हैं। तटरेखा सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए इस अध्ययन रिपोर्ट को तमिलनाडु सहित केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों के साथ साझा किया गया है।

(ख) और (ग) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पास तमिलनाडु में मीठे पानी के जलभृत की सुरक्षा के लिए कोई विशिष्ट योजना नहीं है। तथापि, राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र कटाव क्षेत्र की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार को तकनीकी समाधान प्रदान करता है तथा राज्य सरकारों द्वारा ऐसे समाधान पुदुच्चेरी में तटों के पुनर्निर्माण तथा केरल के चेलानम गांव में तटीय क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं।

******